एड्स, क्षय रोग और मलेरिया का सामना करने हेतु ग्लोबल फंड संबंधी इंडिया कन्ट्री कोर्डिनेशन मेकेनिज्म सचिवालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संयोजित इंडिया कन्ट्री कोर्डिनेशन मेकेनिज्म सचिवालय के लिए कार्यक्रम अधिकारी (एक पद) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है ।

- विस्तृत टीओआर संलग्न हैं।
- तैनाती का स्थान: दिल्ली

कृपया अद्यतन जीवनवृत्त के साथ आवेदन ईमेल iccmsect-mohfw@gov.in **24 th** सितंबर, 2020 तक भेंजे। कृपया ईमेल आवेदन के विषय में आवेदित पद का उल्लेख करना सुनिश्चित करें।

निबंधन एवं शर्तें- कार्यक्रम अधिकारी

भूमिका और जिम्मेदारियाँ :

कार्यक्रम अधिकारी निम्नलिखित कार्यों द्वारा एड्स, तपेदिक और मलेरिया के लिए ग्लोबल फंड के लिए इंडिया कन्ट्री कोर्डिनेशन मेकेनिज्म सचिवालय के सुचारू संचालन और प्रबंधन में मदद करेगा :

1. नियमित बैठकें आमंत्रित एवं आयोजित करके भारत-सीसीएम को सहायता प्रदान करना, भर्ती प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं के आयोजन सहित सीसीएम हेतु क्षमता निर्माण में सहायता करना, और विभिन्न सीसीएम संघटकों एवं जीएफएटीएम, स्थानीय निधि पोषण एजेंट, सरकारी मुख्य प्राप्तकर्ता (नाको, सीटीडी, एनवीबीडीसीपी) और एनजीओ प्रतिनिधियों के साथ सम्पर्क करना।
2. सीसीएम प्रक्रियाओं का प्रबंधन- सदस्यों की सूची को अद्यतन करना, सिविल सोसायटी प्रतिनिधियों के चुनाव को कारगर बनाना, बैठकों की कार्यसूची तैयार करना, कार्यवृत्त तैयार करना और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में सीसीएम को परिचालित करना, भारत में अनुदान कार्यान्विन से संबंधित लेख एवं बैठकों का संचालन कार्य।
3. भारत सीसीएम की समीक्षा समिति और अन्य समितियों/उप-समितियों के कार्य को कारगर बनाना।
4. निम्नलिखित की सहायता से जीएफएटीएम द्वारा घोषित आवंटन चक्रों हेतु जीएफएटीएम को राष्ट्रीय प्रस्ताव को प्रस्तुत करने सहित उनको तैयार करने, विकास करने को तर्कसंगत बनाना:
   - क. सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय एवं सम्पर्क- प्रस्ताव विकास प्रक्रिया पर सीसीएम सदस्यों, विकास भागीदारों, सरकारी कार्यक्रमों, गैर-सरकारी भागीदारों और सामुदायिक प्रतिनिधियों हेतु व्यापक परामर्श करना और उनसे प्राप्त प्रतिक्रियाओं का प्रलेखन।
   - ख. प्रस्ताव विकास प्रक्रिया के सम्पूर्ण प्रलेखन का रखरखाव।
   - ग. विभिन्न उप-समितियों को तकनीकी सहायता प्रदान करना- मुख्य प्राप्तकर्ताओं (पीआर) द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की समीक्षा करना और मुख्य प्राप्तकर्ताओं के नामांकन हेतु या प्रस्तावों पर भारत-सीसीएम को और रोग विशेषज्ञ समितियों को सिफारिश करना ताकि अन्तिम वित्त पोषण प्रस्ताव आदि की समीक्षा की जा सके।
   - घ. प्रस्तावित मुख्य प्राप्तकर्ताओं के साथ बैठकों में भाग लेने के माध्यम से प्रस्ताव विकास का समर्थन करना।
5. जीएफएटीएम से मुख्य प्राप्तकर्ताओं को निधि की किस्तों के संवितरण का रिकॉर्ड रखना और पीआर से उप-प्राप्तकर्ताओं के रिकॉर्ड पर निगरानी रखना, रिपोर्टों का विश्लेषण करना, स्पष्टीकरण/प्रतिक्रियाएं मांगना और सीसीएम सदस्यों में सूचना का प्रसार करना।
6. सीसीएम में उन विभिन्न संघटकों और उनके प्रतिनिधियों के साथ अपेक्षित तकनीकी तर्कसंगतता एवं प्रभावी समन्वय तथा सम्पर्क प्रदान करके भारत-सीसीएम को सहायता करना जिन्हें अनुदान दौरों/वित्त पोषण मॉडलों और जीएफएटीएम सचिवालय में भारत-सीसीएम द्वारा नामित किया जाए।
7. भारत-सीसीएम के नियमित कार्यकलाप अद्यतन जानकारियों, पीआर की पिछली प्रगति रिपोर्टों से डाटा सहित सीसीएम की वेबसाइट को अद्यतन करने और भारत में जीएफएटीएम कार्यक्रमों के संबंध में पूछताछ पर प्रतिक्रियाओं के समन्वय के लिए उत्तरादायी।
8. भारत-सीसीएम की निबंधन एवं शर्तों के अंतर्गत सूचीबद्ध सीसीएम सचिवालय की आवश्यकताओं को पूरा करना।

शैक्षिक योग्यता और अनुभव

- प्रासंगिक कार्य अनुभव सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जनस्वास्थ्य/स्वास्थ्य परिचर्या प्रबंधन/सामाजिक विज्ञान में मास्टर डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा।
- राष्ट्रीय / राज्य / जिला स्तर पर स्वास्थ्य से संबंधित क्षेत्र / स्वास्थ्य परियोजनाओं में काम करने वाले सरकार / निजी / गैर सरकारी संगठन / अन्य संगठनों के साथ कार्यक्रम प्रबंधन के क्षेत्र में अर्हता प्राप्ति के बाद दो वर्ष का अनुभव।

  यदि निर्धारित अर्हता वाले आवेदक उपलब्ध ना हों तो अनुभवी आवेदकों के मामलों में अनिवार्यता अर्हताओं में छूट दी जा सकती है।

वांछनीय :

- राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी तथा गैर-सराकीर क्षेत्र में एचआईवी/एड्स, क्षय रोग तथा मलेरिया कार्यक्रमों हेतु कार्य करने का अनुभव।

- ग्लोबल फंड परियोजनाओं के साथ काम करने के अनुभव को एक अतिरिक्त लाभ माना जाएगा ।

ज्ञान और कौशल:

- एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट जैसे आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले पैकेज के साथ उच्च स्तर की जानकारी के साथ कंप्यूटर प्रवीणता
- बहु-अनुशासनात्मक वातावरण / कई क्षेत्रों / एजेंसियों, विशेष रूप से स्वास्थ्य और संबंधित क्षेत्रों में सहयोगात्मक और उत्पादक रूप से कार्य करने की क्षमता
- कार्यदल के साथ काम करने की क्षमता।
- समय-सीमा के माहौल में पारस्परिक तथा प्रबंधन कौशल।
- व्यापक स्तर पर यात्रा करने की योग्यता तथा इच्छा
- उत्कृष्ट लेखन और मौखिक संचार कौशल
- अंग्रेजी और हिंदी का अच्छा ज्ञान।

नियुक्ति विशुद्ध रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर होगी और धन की उपलब्धता के आधार पर हर साल संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर इसे और बढ़ाया जाएगा ।

पारिश्रमिक: 48,000 रु प्रति माह (समेकित)

आयु: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु सीमा 63 वर्ष ।